भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 78

22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

चिकित्सा संबंधी प्रवेश परीक्षा का केन्द्रीकरण

78. **श्री मोहन सिंहः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि 2012 से एम॰बी॰बी॰एस॰ पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा को एक समान और केन्द्रीकृत किया जाएगा;
(ख) यदि हां, तो देश में कितने छात्रों को एम॰बी॰बी॰एस॰ पाठ्यक्रम में प्रवेश मिलेगा;
(ग) क्या चिकित्सा की परास्नातक प्रवेश परीक्षा को भी एक समान और केन्द्रीकृत किया जाएगा; और
(घ) यदि हां, तो चिकित्सा परास्नातक पाठ्यक्रम में कितने छात्रों को प्रवेश मिलेगा?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद)

(क) से (घ) माननीय उच्चतम न्यायालय ने सिमरन जैन मामले में देश में स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन प्रवेश प्ररीक्षा अर्थात राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) आयोजित करने हेतु भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है और परिषद को निर्देश दिए हैं कि वह एनईईटी को क्रियान्वित करने के लिए यथावश्यक कदम उठाएं। तदनुसार, केंद्र सरकार ने एनईईटी के क्रियान्वयन के लिए कार्यनीतियों को अंतिम रूप देने हेतु एक समिति का गठन किया है। फिलहाल, लगभग 41000 एमबीबीएस सीटें और 21000 स्नातकोत्तर सीटें हैं जिनके लिए एनईईटी के जरिए प्रवेश दिया जाएगा।

....